NCERT Solutions for 4th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 3-नन्दू हाथी

IndCareer
Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 4th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 3-नन्दू हाथी

Class 4: पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 solutions. Complete Class 4 पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 Notes.

## NCERT Solutions for 4th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 3-नन्दू हाथी

NCERT 4th पर्यावरण अध्ययन Chapter 3, class 4 पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 solutions

(पृष्ठ संख्या **22)**

पता करो

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-4th-class-environmental-science-paryavaran-adhyayan-chapter-3/

प्रश्न **1.**

नन्दू तो सिर्फ तीन महीने का है**,** लेकिन उसका वजन **200** किलोग्राम है। तुम्हारा वजन कितना है**?**

उत्तर:

मेरा वजन 25 किलोग्राम है।

प्रश्न **2.**

तुम्हारी उम्र के कितने बच्चों का वजन मिलाकर नन्दू के वजन के बराबर होगा**?**

उत्तर:

मेरी उम्र के 16 बच्चों का वजन मिलाकर नन्दू के वजन के बराबर होगा। एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 24) खेल-खेल में ।

प्रश्न **3.**

अगर तुम नन्दू होते और झुंड में रहते तो क्या**-**क्या करते**?**

उत्तर:

यदि मैं नन्दू होता तथा झुंड में रहता तो मैं नाचता, गाता, दिनभर खेलता तथा बहुत मजे करता। रात में मैं अपनी माँ के पास ही सोता।

प्रश्न **4.**

हाथियों के झुंड में सभी फैसले सबसे बुजुर्ग हथिनी लेती है। तुम्हारे परिवार में घर के फैसले कौन लेता है**?**

उत्तर:

मेरे परिवार में अधिकांश फैसले मेरे माता-पिता लेते हैं।

प्रश्न **5.**

हाथियों के झुंड का एक कोलाज बनाओ। इसके लिए तुम हाथियों के जितने चित्र इकट्ठा कर सकते हो**,** करो। अब उन्हें काटकर अपनी कॉपी में चिपकाओ।।

उत्तर:

स्वयं करो।

(पृष्ठ संख्या 25)

प्रश्न 1.

नन्दू वह सब करता था, जो उसे पसंद था। यदि तुम्हें अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए एक पूरा दिन मिले, तो तुम उस दिन क्या-क्या करोगे?

उत्तर:

यदि मुझे दोस्तों के साथ घूमने के लिए पूरा एक दिन मिले तो मैं नाचूँगा, खेलूंगा, गाऊँगा, खूब सारे गोलगप्पे तथा आइसक्रीम खाऊँगा तथा बहुत मजे करूंगा।

प्रश्न 2.

पता करो और लिखो, कौन-कौन से जानवर झुंड में रहते हैं?

उत्तर:

भेड़, हिरन, जेब्रा, जंगली भैंसे, जंगली कुत्ते, चिड़िया, पेंग्विन आदि झुंड में रहते हैं।

प्रश्न 3.

क्या तुम भी समूह में रहते हो? तुम्हें समूह में रहना कैसा लगता है? तुम्हारे हिसाब से समूह में रहने के फायदे और नुकसान क्या-क्या हो सकते हैं?

उत्तर:

समूह में रहने के निम्नांकित फायदे तथा नुकसान हैं-

| फायदे | नुकसान |
|---|---|
| साथ रहने से सुरक्षा मिलती है।<br>साथ रहने से बल मिलता है।<br>साथ रहकर हम ज्यादा मजे कर सकते हैं।<br>साथ रहकर हम एक दूसरे की मदद कर सकते हैं। | साथ रहने से आपस में झगड़ा होने की संभावना ज्यादा रहती है।<br>साथ रहने से व्यर्थ की बातें करने में समय नष्ट होता है। |

(पृष्ठ संख्या 26)

प्रश्न 1.

क्या तुमने कभी हाथी पर सवारी की है? कैसा लगा?

उत्तर:

एक बार मैंने हाथी की सवारी की है। मुझे हाथी की सवारी में बहुत मजा आया।

प्रश्न 2.

तुम कौन-कौन से जानवरों पर बैठे हो? उनके नाम लिखो।

उत्तर:

मैं हाथी तथा घोड़े पर बैठा हूँ।

प्रश्न 3.

तुमने अपने आस-पास फिल्मों या किताबों में कई जानवरों को देखा होगा। अकेले और झुंड में देखे गये जानवरों में से, किसी एक के बारे में पता करके कुछ बातें लिखो।

उत्तर:

मैंने अपने आस-पास कुत्तों को देखा है। एक कुत्ता मेरा पालतू भी है। कुत्ता बहुत ही आज्ञाकारी तथा बफादार जानवर होता है। कुत्ते को माँस सबसे ज्यादा पसंद है। कुत्ते के कान दिखाई देते हैं तथा शरीर पर बाल होते हैं। कुत्ते बच्चे देते हैं। कुत्ता हमारी घरों की रक्षा करता है।

अवारा कुत्ते झुंड में रहते हैं। झुंड में रहने के साथ ये काफी आक्रामक भी हो जाते हैं। आवारा कुत्तों से बचकर रहना चाहिए।


NCERT 4th पर्यावरण अध्ययन Chapter 3, class 4 पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 solutions

(पृष्ठ संख्या 27)

सोचो और लिखो

प्रश्न 1.

बगुला भैंस पर क्यों बैठा होगा?



उत्तर:

बगुला भैंस का दोस्त होता है। यह भैंस के शरीर पर के कीड़ों को खाकर भैंस की मदद करता है।

**प्रश्न 2.**

क्या तुमने किसी जानवर को दूसरे जानवर की सवारी करते देखा है? उसका नाम लिखो।

(क) सवार जानवर

उत्तर:

बगुला

(ख) सवारी देता जानवर

उत्तर:

भैंस

**प्रश्न 3.**

ऐसे जानवरों के नाम लिखो, जिन्हें हम सवारी के काम में लाते हैं।

उत्तर:

घोड़ा, हाथी, ऊँट।

**प्रश्न 4.**

ऐसे जानवरों के नाम लिखो, जिन्हें हम सामान ढोने के काम में लाते हैं।


उत्तर:

गधा, बैल, घोड़ा, हाथी।

NCERT 4th पर्यावरण अध्ययन Chapter 3, class 4 पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 solutions

(पृष्ठ संख्या **27**)

तुम्हारा अपना हाथी बनाओ।




- नीचे दिये गये हाथी के चित्र को बड़ा करके एक मोटे कागज़ पर बनाओ। उसे अब बाहरी रेखा पर से काटो।
- अब चित्र में जहाँ "काटो" लिखा है, वहाँ थोड़ा सा काटो। ध्यान रहे-काट कर अलग मत करना।
- जहाँ "मोड़ो' लिखा है, वहाँ से बिन्दु वाली रेखा (......................) पर से मोड़ लो।
- धारी वाले हिस्से को (/////////) अंदर की ओर मोड़ दो।
- अब पूँछ बनाकर चिपका दो।
  बन गया न हाथी!
- इसे अपनी पसंद के रंगों से और अलग-अलग तरह से सजाओ।
- इस हाथी को अपनी कक्षा में लटकाओ। अपने साथियों के बनाए हुए हाथी भी देखो।


उत्तर:

स्वयं करो।

(पृष्ठ संख्या 29)

जानवरों की सभा

इन चित्रों को देखो और पढ़ो ये जानवर आपस में क्या-क्या कह रहे हैं।



NCERT 4th पर्यावरण अध्ययन Chapter 3, class 4 पर्यावरण अध्ययन Chapter 3 solutions

**(पृष्ठ संख्या 30)**

चर्चा करो

प्रश्न **1.**

तुमने इन जानवरों की बातें पढ़ीं। तुम्हें क्या लगता है**,** इनमें से कुछ उदास क्यों हैं**?**

उत्तर**:**

ये सारे जानवर उदास हैं। क्योंकि लोगों ने इन्हें पकड़कर अपने फायदे के लिए बंद कर रखा है, जिससे इन जानवरों की स्वतंत्रता छिन गई है।

प्रश्न **2.**


पेड़ों पर झूमते और लटकते बंदरों और मदारी के बंदर में तुम्हें क्या अंतर लगता है**?**

उत्तर**:**

पेड़ों पर झूमते लटकते बंदर आजाद होते हैं, वे अपनी मन मर्जी के अनुसार कहीं भी आ जा सकते हैं, वे झुंडों में रहकर खुश रहते हैं। जबकि मदारी के बंदर बंधे रहते हैं, ये कहीं भी अपनी मर्जी के अनुसार नहीं जा सकते हैं, मदारी द्वारा दिये गये भोजन से ही उन्हें संतोष करना पड़ता है। आजाद नहीं रहने के कारण ये दुःखी रहते हैं।

प्रश्न **3.**

इस हाथी के कितने पैर हैं**?**



उत्तर:

इस हाथी के चार पैर हैं।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 4 Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन) :


- Chapter 1-चलो ,चलें स्कूल!
- Chapter 2- कान-कान म
- Chapter 3-नन्दू हाथी
- Chapter 4 अमृता की कहानी
- Chapter 5-अनीता की मधुमक्खियाँ
- Chapter 6-ओमना का सफ़र
- Chapter 7-खिड़की स
- Chapter 8-नानी के घर तक
- Chapter 9-बदलते परिवार
- Chapter 10-हु तू तू ,हु तू तू
- Chapter 11-फुलवारी
- Chapter 12-कैसे -कैसे बदले घर
- Chapter 13-पहाडों से समुंदर तक
- Chapter 14-बसवा का खेत
- Chapter 15-मंडी से घर तक
- Chapter 16-चूँ -चूँ करती आई चिड़िया
- Chapter 17-नंदिता मुंबई म
- Chapter 18-पानी कहीं ज्यादा ,कहीं कम
- Chapter 19-जड़ों का जाल
- Chapter 20-मिलकर खाए
- Chapter 21-खाना-खिलाना
- Chapter 22-दुनिया मेरे घर में
- Chapter 23-पोचमपल्ली
- Chapter 24-दूर देश की बात
- Chapter 25-चटपटी पहेलियाँ
- Chapter 26-फ़ौजी वहीदा
- Chapter 27-कोशिश हुई कामयाब

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.